## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 07.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाए जा रहे अभियान "ऑपरेशन दहन" के तहत लगभग 62 हजार रुपये कीमत की 675 क्वार्टर देशी शराब एवं 119 लीटर कच्ची शराब का कराया गया विनष्टीकरण।**

**विवरण-** श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्ण द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत अभियोगों में बरामद शराब के विनष्टीकरण/निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान **"ऑपरेशन दहन"** के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 07.09.2026 को क्षेत्राधिकारी अतर्रा सुश्री प्रतिज्ञा की उपस्थिति में थाना फतेहगंज में आवश्यक विधिक प्रक्रिया के तहत शराब का विनष्टीकरण कराया गया। अभियान के तहत थाना फतेहगंज में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कुल 43 अभियोगों से संबंधित लगभग 62,000 रुपये की अनुमानित कीमत की 675 क्वार्टर देशी शराब एवं 119 लीटर कच्ची शराब को नियमानुसार नष्ट कराया गया।